-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 23.12.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **"ऑपरेशन ईगल" के क्रम में एसटीएफ प्रयागराज व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से लगभग 01 करोड़ रुपये कीमत के अवैध गांजा व परिवहन में प्रयुक्त पिक-अप वाहन बरामद।**
- **अभियुक्त उड़ीसा से बिहार व मध्य प्रदेश के रास्ते प्रयागराज व बरेली ले जा रहे थे अवैध सूखे गांजे की खेप।**

विवरण: -मान0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 शासन द्वारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही हेतु जारी किये गये आदेशो एवं निर्देशो के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज श्री भानू भास्कर के मार्गदर्शन व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से **"ऑपरेशन ईगल"** चलाया जा रहा है जिसमें अब तक कई बड़ी कार्यवाही की गई है। इसी क्रम में दिनांक 22/23.12.2024 की रात्रि को क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजीव प्रताप सिंह के निकट पर्येवक्षण में एसटीएफ प्रयागराज व थाना कोतवाली नगर की सयुंक्त पुलिस टीम द्वारा अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से लगभग 01 करोड़ रुपये कीमत के अवैध सूखा गांजा व परिवहन में प्रयुक्त 01 महिन्द्रा पिक-अप बरामद की गई है। गौरतलब हो कि पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि एक पिक-अप से कुछ लोग अवैध गांजे की खेप लेकर नरैनी रोड होते हुए बांदा की तरफ आ रहे है। सूचना पर तत्काल एसटीएफ प्रयागराज व थाना कोतवाली नगर की सयुंक्त पुलिस टीम द्वारा मौके पर घेराबन्दी कर 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से लगभग 01 करोड़ रुपये के 210 किग्रा अवैध सूखा गांजा व परिवहन में प्रयुक्त 01 महिन्द्रा पिक-अप बरामद हुआ है। अभियुक्तों द्वारा बताया गया वे लोग उड़ीसा से अवैध सूखा गांजा लेकर प्रयागराज व बरेली ले जा रहे थे। इस सम्बन्ध में इनकी पूरी चेन का पता लगाकर इसमें शामिल सभी लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. मनोज कुमार मिश्रा पुत्र ओमकार नाथ मिश्रा निवासी चन्द्रावा विशेषरगंज जनपद बहराइच।
2. असलम पुत्र मुबारक निवासी देवचरा भमोरा जनपद बरेली।

वांछित अभियुक्त-

1. हरिश गुप्ता उर्फ मोनू पुत्र केवल राम निवासी गिलौला जनपद श्रावस्ती।
2. यूसुफ अंसारी पुत्र जबरुद्दीन अंसारी निवासी गिलौरा, वल्लिया आवलां जनपद बरेली।

बरामदगी-

- 210 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा
- 01 महिन्द्रा पिक-अप (परिवहन में प्रयुक्त)

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0- 1074/24 धारा 8/20/29 NDPS थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. प्र0निरी0 श्री पंकज कुमार सिंह
2. उ0नि0 श्री रणेन्द्र कुमार सिंह (एस0टी0एफ0)
3. चौकी प्रभारी विश्वविद्यालय श्री देवेन्द्र कुमार
4. चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज श्री दिलीप कुमार मिश्रा
5. हे0का0 अमित कुमार (एस0टी0एफ0)
6. हे0कां0 चन्दन भारती (एस0टी0एफ0)
7. हे0कां0 संतोष कुमार (एस0टी0एफ0)
8. कां0 किशन चन्द्र (एस0टी0एफ0)
9. कां0 सागर यादव
10. कां0 निर्भय सिंह